## हत्या के आरोपी ने खुद का गला काटा, मौत

**जयपुर।** जयपुर में महिला से छेडछाड कर रहे युवक को पकडा तो पेपर कटर से खुद का गला काट लिया। लहूलुहान हालत में पुलिस युवक को कांवटिया अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना शुक्रवार को झोटवाडा इलाके में सुबह 8 बजे हुई। युवक हत्या के मामले में तिहाड जेल जा चुका था। पिछले दिनों ही जेल से बाहर आया था। झोटवाडा एसएचओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की पहचान आनंद शर्मा निवासी बानसूर (अलवर) के रूप में हुई है। वह झोटवाडा के जोशी मार्ग पर रहता था। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए हैं।

# जनसुनवाई में मंत्री दिलावर ने समस्याएं सुनकर निराकरण के दिए निर्देश

**चित्तौडगढ़।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में खुली पंचायत में जनसुनवाई कर कई प्रकरणों में लोगों को हाथों-हाथ राहत देते हुए कहा कि इस तरह के जनसुनवाई के कार्यक्रम प्रदेश के अन्य जिलों में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों को तत्काल राहत मिल सके। मंत्री दिलावर ने कहा कि पेड़ पौधे भारत माता का श्रृंगार है इसलिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर इसे बढ़ाना होगा। उन्होंने कहा कि गांव, प्रदेश एवं देश को बचाने के लिए सभी पेड़ लगाए। प्रदेश में हरित राजस्थान के तहत 7 करोड़ पेड़ लगाने के लक्ष्य में शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमने 20 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्रतिदिन 15 पौधे, मनरेगा में जॉब कार्डधारी को प्रतिदिन 10 पौधे, शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारी प्रतिदिन 15 पौधे लगाएंगे, जो एक माह तक पौधे लगाएंगे। इसके अनुसार ही 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य पूर्ण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि भारत में प्रति व्यक्ति केवल 28 पौधे हैं जो औसत 422 पौधों से काफी कम है जबकि अन्य देशों में औसत पौधों की संख्या इससे कई गुना अधिक है। जनसुनवाई के पश्चात मंत्री ने सभी को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने एवं गौ माता की रक्षा के लिए हाथ उठाकर संकल्प दिलाया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पॉलिथीन के उपयोग से होने वाले नुकसान एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों में उपयोग में लिए जाने वाले पत्तल दोने एवं प्लास्टिक के चम्मच, बोतल आदि से होने वाले कैंसर जैसी बीमारी की रोकथाम एवं अन्य दुष्परिणामों को देखते हुए विभाग बर्तन बैंक बना रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की एक हजार ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में पौधारोपण को लेकर अभी से गड्ढे खोदने का कार्य प्रारंभ कर दें, वर्षा काल से पूर्व वह पक्के हो जाए ताकि पेड़ लगाते समय वह शीघ्र पनप सकें। इससे पूर्व आयोजित जनसुनवाई में कई प्रकरणों एवं जन समस्याओं का हाथों-हाथ निराकरण हुआ, वही कई प्रकरण का अध्ययन करने के पश्चात उचित समाधान निकलने का आश्वासन भी मंत्री ने दिया। जनसुनवाई में सरपंच गणों द्वारा ग्राम पंचायत में सफाई के लिए आवंटित बजट कम होने पर पंचायती राज मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत साफ सुथरी रहे इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मापदंड के हिसाब से सभी ग्राम पंचायत को सफाई के लिए बजट दिया जाएगा, इसमें किसी प्रकार की कमी नहीं होने देंगे। ग्राम विकास अधिकारी की कमी पर मंत्री ने कहा कि इसे शीघ्र नई भर्ती कर पूरा किया जाएगा। उन्होंने क्रमोन्नत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी पर कहा कि नई भर्ती से इस समस्या को भी दूर किया जाएगा। नई ग्राम पंचायत के गठन को लेकर आ रही समस्याओं एवं जनसुनवाई के प्रकरणों पर उन्होंने जिला कलक्टर को प्रकरण पर आवश्यक कार्य कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जनसुनवाई में आए विभिन्न प्रकरणों पर हुए समाधान पर कहा कि शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग एवं संस्कृत विभाग सकारात्मक रूप से कार्य कर रहा है।

## पूर्व मंत्री मीणा के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुँची दीप्ति माहेश्वरी



**राजसमंद।** भाजपा वरिष्ठ नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री नन्दलाल मीणा के अस्वस्थ होने की सूचना पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने अस्पताल पहुँचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने परिजनों से भेंट कर कुशलक्षेम जानी एवं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। साथ ही चिकित्सकों से उपचार संबंधी जानकारी लेकर बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

## विधायक दीप्ति ने स्व.नारायण लाल शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**राजसमंद।** जनसंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्व. भानु कुमार शास्त्री के अनुज एवं वरिष्ठ शिक्षाविद् स्व. श्री नारायण लाल शर्मा के निधन पर विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने उनके निवास पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि शर्मा जी का साहित्य व इतिहास लेखन सदैव प्रेरणा देता रहेगा। विधायक ने परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

## हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में शराब पार्टी पर कलेक्टर का एक्शन

### अधिकारियों से किया जवाब-तलब, जूनियर अकाउंटेंट सहित 2 कर्मचारियों को नोटिस

**भीलवाड़ा।** भीलवाडा शहर की आरके कॉलोनी में स्थित राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के ऑफिस में बुधवार रात शराब और नॉनवेज पार्टी के खुलासे के बाद कलेक्टर कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने हाउसिंग अधिकारियों से मामले में जवाब-तलब किया। पार्टी करने वाले जूनियर अकाउंटेंट और एक अन्य रिटायर्ड कर्मचारी को नोटिस दिया गया है। हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में शराब पार्टी के मामले में गुरुवार को दिन भर गहमा.गहमी का माहौल रहा।अधिकारियों ने इस मामले में आगे से डायरेक्शन के अकॉर्डिंग कार्रवाई की बात बताई । हाउसिंग बोर्ड ऑफिस में बुधवार रात अकाउंटेंट पवन नायक के कमरे में शराब और नॉन वेज पार्टी चल रही थी, मौके पर शराब की ग्लास के साथ ही टेबल पर वेफर्स और चिप्स आदि पड़े हुए मिले। चैनल गेट के पास बने किचन में दो बर्तनों में नॉनवेज बनाकर रखा हुआ था। मीडियाकर्मियों को देखकर कर्मचारी इधर-उधर भागे। हाउसिंग बोर्ड ऑफिस के सभी कमरों की लाइट-पंखे चालू थे। टेबल पर शराब पार्टी और खाने की तैयारियां चल रही थी। पार्टी में गत 31 मार्च को रिटायर हुए भीलवाड़ा हाउसिंग बोर्ड के एक्सईएन भी शामिल थे, लेकिन वे मौके से भाग निकले। कलेक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा घटना को लेकर तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगने पर हाउसिंग बोर्ड उदयपुर के एक्सईएन अजय मेहता गुरुवार को भीलवाड़ा पहुंचे। एक्सईएन मेहता ने घटना से कलेक्टर संधू और विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया।

## किडनी पीड़ित परिवार को दी सहायता सामग्री

**राजसमन्द।** कानपुर निवासी विवेक सूर्यवंशी के अर्थ सहयोग से आनंदमार्ग सेवा दल सदस्यों ने समीपवर्ती राज्यावास ग्राम पंचायत अन्तर्गत अमलोई गांव में किडनी पीड़ित शंकरलाल भाट के परिवार को राशन सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। सेवादल सदस्य अनुपम खिलनानी, दिव्या व आनन्दमयी आदि अमलोई में शंकर लाल के घर पहुंचे जहां उन्होंने परिवार के लिए विभिन्न प्रकार की राशन सामग्री व राशि प्रदान की तथा कहा कि समय.समय पर यथासम्भव सहायता की जाएगी। शंकरलाल की दोनो किडनी खराब होने के बाद पिछले कई वर्षो से उनका उपचार चल रहा है तथा उन्हें समय समय पर उदयपुर जाकर डायलिसिस कराना पड़ता है। परिवार का मुखिया बीमार होने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय



है कि शंकरलाल के बीमार होने के बाद परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए दिवंगत डॉ. विजय कुमार खिलनानी ने कई वर्षो तक समय.समय पर जाकर उनकी सहायता की वहीं अब सेवादल सदस्य अनुपम खिलनानी, आनंदमयी आदि बीते चार सालों से यह सेवा कार्य क रहे है।

## डबोक एयरपोर्ट पर शाह व सीएम शर्मा का हुआ भव्य स्वागत



**राजसमंद।** आबू रोड में आयोजित राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम से लौटने के पश्चात गृह मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के डबोक आगमन पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने दोनों नेताओं से भेंट कर मार्गदर्शन प्राप्त किया और कहा कि यह अवसर जनसेवा के प्रति और अधिक समर्पण की प्रेरणा देता है।

## डूंगरपुर में बना भगवान परशुराम का पहला मंदिर

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर के नवा महादेव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का पहला मंदिर बनकर तैयार हो गया है। 4 मई को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इसे लेकर विप्र फाउंडेशन के साथ ही अब्बू ब्राह्मण समाज तैयारियों में जुट गए हैं। शहर में 1100 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं कई धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। शहर के नवा महादेव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का मंदिर बनाया गया है। ये मंदिर सफेद मार्बल पर आकर्षक नक्काशी के साथ तैयार किया है। इसी परिसर में भगवान महादेव और हनुमानजी का मंदिर है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विप्र फाउंडेशन की ओर से 4 मई को शुभ मुहूर्त निकाला गया है। रविवार का दिन होने से लोगों की भीड़ रहेगी। विप्रवरों की ओर से सुबह से ही मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे। शहर में 1100 महिलाएं सिर पर कलश धारण शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा शहर में घूमते हुए वाप मंदिर पहुंचेगी। भगवान परशुराम का डूंगरपुर जिले में ये पहला मंदिर है। ऐसे में कार्यक्रम में कई अतिथियों को आमंत्रण भेजा गया है। कार्यक्रम को लेकर विप्र समाज तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है।

**पहले मूर्ति स्थापना की, फिर मंदिर निर्माण की ठानी**

विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष ललित उपाध्याय और महामंत्री प्रशांत चौबीसा ने बताया कि भगवान परशुराम ब्राह्मणों के आराध्य देव हैं। विप्र फाउंडेशन ने सालभर पहले ही मंदिर बनाने की योजना बनाई। 20 जुलाई 2024 को सबसे पहले नया महादेव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की मूर्ति को स्थापित किया गया। इसके बाद मंदिर बनाने की योजना बनाई। 23 अगस्त को मंदिर बनाने को लेकर नींव रखी गई। 8 महीने में मंदिर बनकर तैयार हो गया है।

## नाथद्वारा नगर पालिका आयुक्त का नवाचार कबाड से बनाए बच्चों के खेल उपकरण

**राजसमंद।** राजसमंद में नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल ने नवाचार करते में कबाड में पडे संसाधनों से बच्चे के लिए खेल उपकरण तैयार करवा दिए। जिसके बाद अब बच्चे फिसलपट्टी व झूलों सहित खेल उपकरण का आनन्द ले रहे हैं। नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल के अनुसार काफी समय से पालिका में कबाड में पडे संसाधनों से बच्चों के लिए नगर पालिका के पार्क में झूले.सिसो बनवा दिए हैं, जिससे न सिर्फ पालिका को कबाड से मुक्ति मिली बल्कि बच्चों को भी खेलने का आनंद आ रहा है वहीं इससे पालिका के हजारों रूपए भी बच गए हैं। लम्बे समय से पालिका में रखे बच्चों के खेलने के उपकरण जर्जर हो गए थे जिससे बच्चे इनका लाभ नहीं ले पा रहे थे। सभी उपकरणों को रंगरोगन किया गयाए पालिका मुख्यालय में पार्क का सौंदर्यीकरण कर चिल्डर्न पार्क बनाया गया है जिसमे झूले फिसलपट्टी गोलाकार झूला सीसो बच्चों के खेलने के उपकरण लगाये गए हैं। मुख्यालय में भगवान शिव जी का मंदिर होने के करण गार्डन में सुबह से देर शाम तक लोगों का चहल.पहल रहती है। श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना करने आते हैं साथ में बच्चों को भी लेकर आते हैं जिससे सुबह शाम बच्चे यहां झूले लेकर मौज मस्ती करते हैं। गार्डन में हरियाली और नए झूले लगाने से बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया है। आयुक्त ने कहा कि अभी और सुधार किए जाएंगे एवं पालिका द्वारा अन्य पार्कों में इस तरह की सुविधा कर सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो बुक 60

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** मोबाइल तकनीकी और नवाचार में वैश्विक लीडर और भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, मोटोरोला ने भारतीय बाजार में अपने पहले लैपटॉपए मोटो बुक 60 को वैश्विक स्तर पर लॉन्च कर अपनी इकोसिस्टम पेशकश को और मजबूत किया है। यह लॉन्च ब्रांड की इस दृष्टिकोण के अनुरूप है कि उपयोगकर्ताओं को डिवाइसों के बीच सहज कनेक्टिविटी और एक सहज इकोसिस्टम अनुभव प्रदान किया जाए।

## बांसवाडा में गोवंश तस्करी मामले में 3 एफआईआर दर्ज

### अवैध परिवहन प्रकरण में अब तक 6 लोगों की हो चुकी गिरफ्तारी

**बांसवाड़ा।** बांसवाडा जिले से गोवंश परिवहन के मामले में पुलिस ने 4 चालक सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एसपी हर्षवर्धन अगरवाला ने बताया कि कोतवाली, सदर और घाटोल थाने में मामले दर्ज किए हैं। तीनों मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी कार्रवाई होती जाएगी। इधर, कोतवाली थाने में दर्ज मामले के जांच अधिकारी गंगाराम ने ट्रक चालक बलवीर सिंह पुत्र गुरुदास सिंह निवासी बडेग खेड़ा, थाना लबी, जिला श्रीमुक्तसर साहेब पंजाब और ईकबाल जुबेरी पुत्र शकील जुबेरी निवासी कुरेशी नगर कुर्ला इस्ट काजी साहब चोल, थाना चुना भट्टी, मुबई को गिरफ्तार किया। दूसरे ट्रक चालक रामदेव पुत्र हरिराम निवासी डेहरू, थाना खींवसर, जिला नागौर को भी गिरफ्त में लिया है। शहर कोतवाल देवीलाल ने बताया कि जांच की जा रही है। ट्रक भी जब्त किए गए हैं। कोतवाली थाना एएसआई गोविंद सिंह पाटीदार ने रिपोर्ट में बताया कि 13 अप्रैल को सुबह उच्चाधिकारियों के आदेश पर रतलाम की ओर से लौट रहे ट्रक को जेल रोड स्थित गोशाला में उतरवाया गया। एक ट्रक में भरे 9 बैलों को सुरक्षित उतारा गया इनके पांव व शरीर पर रगड एवं खरोच के निशान थे। जबकि एक बैल मृत पाया गया। दूसरे ट्रक में भी 10 बैल ठूंस-ठूंस कर भरे थे। इसमें भरे बैलों पर भी चोट के निशान थे। दोनों ट्रक में चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। दोनों ट्रक के चालकों ने पूछताछ में बताया कि मेड़ता सिटी नागौर में लगे बलदेव पशु मेला से खरीदकर मध्यप्रदेश राज्य में ले जा रहे थे। घाटोल थाने के एएसआई मेघराज सिंह ने बताया.एक ट्रक को उदपुरा गोशाला में खाली कराया गया था। इसमें 10 गोवंश भरा हुआ था। इस ट्रक के चालक हरियाणा निवासी नवीन पुत्र केदार और सहयोगी हरियाणा के ही उमरवास निवासी नयदीत पुत्र उम्मेद सिंह को गिरफ्तार किया। इस मामले में आगे जांच की जा रही है। जल्द ही ट्रक को जब्त कर आगे की जांच की जाएगी। सदर थानाधिकारी बुद्धाराम ने बताया कि एक ट्रक चालक हमीद शेख पुत्र जबार शेख, निवासी बीड महाराष्ट्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उच्चाधिकारियों से मिले दिशा निर्देश के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि ट्रक को जांच के बाद जब्त किया जाएगा।

## सीईओ ने किया चारागाह विकास कार्य का निरीक्षण

**राजसमंद।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा द्वारा राजसमंद ब्लॉक की ग्राम पंचायत सुंदरचा के ग्राम देव थड़ी में चारागाह विकास कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गएए जिससे कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही सीईओ द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत तालाब गहरीकरण, पौधशाला निर्माण जैसे चल रहे कार्यों का भी अवलोकन



किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। विकास अधिकारी महेश गर्ग मौजूद रहे।

## अंतर सदनीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता सम्पन्न

**चित्तौडगढ़।** सैनिक स्कूल में मंगलवार से शुरु हुई अंतर सदनीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हुई। प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के कार्यवाहक प्राचार्य मेजर सी श्रीकुमार थे। स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह एवं प्रतियोगिता के प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल जरूरी है, क्योंकि खेलों से शरीर स्वस्थ्य रहता है। स्पोर्ट्स गतिविधियाँ सभी के लिए, विशेषरुप से बच्चों और युवाओं के लिए बहुत आवश्यक है क्योंकि ये शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देती हैं। स्पोर्ट्स और खेलों में रुचि, हमें जीवन में कठिन परिस्थितियों का सामना करने, शरीर और मस्तिष्क को तनाव रहित बनाने में मदद करती है। यह टीम सदस्यों के बीच में मित्रता की भावना को विकसित करने, एक साथ काम करने की आदत को बढ़ावा देती है। बाबूलाल शिवरान ने बताया कि वजन के आधार पर इस मुक्केबाजी प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में रखा गया। प्रत्येक बॉक्सर को दो-दो मिनट के तीन राउंड खेलने को मिले। प्रत्येक बाउट छः मिनट का हुआ। फाइनल मुकाबलों में प्रताप सदन के नैतिक यादव ने बादल सदन के भावेश को, हमीर सदन के प्रिंस ने बादल सदन के दुष्यंत को, सांगा सदन के हिमेश सिंह ने प्रताप सदन के बलराज सिंह को, जयमल सदन के उत्कर्ष यादव ने सांगा सदन के योगेश यादव को, प्रताप सदन के सूर्य कुमार ने लव सदन के अमित कुमार को हराया। कुम्भा सदन के गौरव सिंह सिकरवार ने हमीर सदन के रोहित डागुर को, लव सदन के अंकित बुरड़क ने कुम्भा सदन के नरेन्द्र जाट को हराया। सांगा सदन के अंकित कुमार राजपुरोहित एवं लव सदन के गणेश गौड़ के बीच हुए मुकाबले में अंकित कुमार राजपुरोहित विजेता रहा। पद्मिनी सदन की गायत्री डामोर एवं वर्निका पाल के बीच हुए मुकाबले में वर्निका पाल विजेता रही। अतुल्या एवं मिनिषा चौधरी के बीच हुए मुकाबले में मिनिषा चौधरी विजेता रही। गुलशन एवं दीपिका के बीच हुए मुकाबले में दीपिका विजेता रही। मायरा चौधरी एवं ज्योति जाट के बीच हुए मुकाबले में ज्योति जाट विजेता रही। प्रतियोगिता में सांगा हाउस प्रथम, प्रताप हाउस द्वितीय एवं लव हाउस तृतीय स्थान पर रहा।

### कलक्टर ने भोपजी की भागल और रावाखेडा बंजारा बस्ती में पेयजल समस्या को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

## भोपजी की भागल को जाखम से जोडने का कार्य है प्रस्तावित : पीएचईडी

**राजसमंद।** हर गाँव-ढाणी में प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने को लेकर जिला प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। जिला कलक्टर के स्तर से इसकी दैनिक समीक्षा की जा रही है और कमियों को दूर करने हेतु निरंतर निर्देश दिए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत चारभुजा के राजस्व गाँव भोपजी की भागल में 7 लाख रुपए खर्च होने के बावजूद कुए में मोटर के अभाव में पेयजल सप्लाई नहीं होने तथा कुंवारिया क्षेत्र में रावाखेडा बंजारा बस्ती में पेयजल समस्या का प्रकरण सामने आने पर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने दोनों क्षेत्र में ग्रामीणों को तत्काल प्रभाव से राहत प्रदान करने और हर घर पानी की पहुँच सुनिश्चित करने के निर्देश जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को दिए हैं। दोनों की प्रकरणों में पीएचईडी द्वारा सुचारू पेयजल सप्लाई के संबंध में जानकारी साझा की गई है। पीएचईडी के अधीक्षण अभियंताए अधिशाषी







अभियंता और कुंभलगढ़ सहायक अभियंता ने संयुक्त रूप से बताया है कि ग्राम पंचायत चारभुजा के राजस्व ग्राम भोपजी की भागल में कुल तीन प्रमुख बस्तियाँ स्थित हैं दृ गुर्जर बस्तीए भील बस्ती एवं परमारों की भागल। ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व में इस ग्राम में ट्यूबवेल एवं जीएलएसआर ;स्थल स्तरीय सेवा जलाशयद्ध की स्थापना कर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। इसके अतिरिक्तए डीएमएफटी से परमारों की भागल हेतु सौर ऊर्जा संचालित खुला कुआँए टंकी एवं पाइपलाइन का कार्य स्वीकृत किया गया थाए जो पूर्ण कर लिया गया है। इस नवीन प्रणाली के माध्यम से परमारों की भागल एवं भील बस्ती के कुछ हिस्सों में नल कनेक्शन के द्वारा पेयजल आपूर्ति की जा रही है। गुर्जर बस्ती एवं भील बस्ती के वे भागए जहाँ अभी तक पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है और जो पंचायत की पूर्व जल प्रणाली (ट्यूबवेल आधारित) से जुड़े हुए हैं, वहां पेयजल संचालन कमेटी का गठन न होने के कारण रखरखाव नहीं हो पा रहा है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि परिणामस्वरूपए कुछ ही घरों तक पानी की आपूर्ति हो रही है एवं शेष क्षेत्र में हैंडपंप के माध्यम से ही पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। ग्राम में वर्तमान में कुल 7 हैंडपंप स्थित हैं, जिनमें से 3 क्रियाशील, 3 सूख चुके हैं एवं 1 परित्यक्त स्थिति में है। ग्राम पंचायत द्वारा लगभग 7 लाख रुपए की लागत से एक खुले कुएं का निर्माण भी कराया गया था, जिसे जीएलएसआर से जोड़ने एवं उसमें मोटर स्थापना का कार्य अभी लंबित है। ग्राम भोपजी की की भागल को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जाखम पेयजल योजना से जोड़ते हुए हर घर नल से जल पहुँचाने का कार्य प्रस्तावित है, जिसकी निविदा प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है।

**रावाखेड़ा बंजारा बस्ती में पेयजल सप्लाई जारी**

इसी प्रकार कुंवारिया तहसील क्षेत्र के घाटी ग्राम पंचायत की रावाखेड़ा बंजारा बस्ती में पेयजल समस्या का प्रकरण भी सामने आया है। इस पर जिला कलक्टर ने तुरंत प्रभाव से सुधार के निर्देश दिए हैं। इस मामले में पीएचईडी के सहायक अभियंता ने बताया है कि इस क्षेत्र में पाँच हैंड पंप कार्यरत है व वर्तमान में चालू है। इसके अतिरिक्त पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु प्रतिव्यक्ति 10 लीटर के अनुसार टैंकर के माध्यम से जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। वर्तमान में यहाँ पेयजल की कोई समस्या नहीं है।



## कलेक्ट्रेट चौराहे पर कार में लगी आग से मचा हड़कंप

चित्तौड़गढ़। कलेक्ट्रेट चौराहे पर शुक्रवार दोपहर में एक कार में आग लगने की घटना से अफ़रा-तफ़री मच गई, गनीमत रही कि समय रहते दमकल ने आग पर काबू पा लिया गया, तब जाकर सभी ने राहत की सास ली। दरअसल जिले के बानसेन गांव का एक परिवार कार में सवार होकर निजी काम से कलेक्ट्रेट चौराहे के समीप स्थित पंचायत समिति के बाहर पहुंचे, जहां कार में सवार दो सदस्य बाहर किसी काम से उतर गये। कार में सवार विवाहिता अचानक धुआं निकलने से बेसूध होने लगी, जिसे सामने मौजूद एक दुकानदार मनोहर सोनी ने समय रहते उसे बाहर निकाल लिया, जिसके बाद कार में शोर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। कार में आग लगने की घटना से मौके पर अफ़रा-तफ़री मच गई। सूचना पर दमकल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये, कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया, तब जाकर सभी ने राहत सांस ली।

## मरणोपरांत किया नेत्रदान

चित्तौड़गढ़। महावीर इंटरनेशनल ने शुक्रवार को बापूनगर ईस्ट सेती निवासी उत्सव कुमारी प ि ज्ञानचंद चोपड़ा के हृदयाघात से आकस्मिक निधन होने पर उनके परिवारजनों के आग्रह पर महावीर इंटरनेशनल के नेत्रदान प्रकल्प प्रभारी प्रकाश पोखरणा, राजकुमार खेरोदिया, सुदर्शन रामपुरिया, सी एम चंडालिया एवं अभय संजेती की उपस्थिति में नेत्रदान संपन्न करवाया। नेत्र कॉर्निया उत्सर्जन का कार्य महावीर इंटरनेशनल नेत्र चिकित्सालय के वसीम खान ने मनोज वैष्णव के सहयोग से सम्पन्न किया। प्राप्त दोनो कॉर्निया से अंधत्व का दंश झेल रहे दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को अविलंब आंखों की ज्योति प्राप्त होगी।

## कृष्णा राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित

चित्तौड़गढ़। राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह का आयोजन राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की गरिमामयी उपस्थिति एवं उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा ने नेहरू भवन भगवत सिंह मेहता सभागार, राज्य लोक प्रशासन संस्थान हरीश चन्द्र माथुर में पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कृष्णा वैष्णव को राष्ट्रीय सेवा योजना में उत्कर्ष कार्य करने हेतु भानु प्रकाश एटरू, शिवलहरी, एस. पी. भटनागर, क्षेत्रीय निदेशक, कृष्ण कुमार कुमावत, डॉ दीपक कुमार द्वारा प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## एससी, एसटी प्रकरणों में मिलने वाले मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग

चित्तौड़गढ़। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार एवं छुआछुत के दर्ज प्रकरणों पर मिलने वाले मानदेय के शीघ्र भुगतान की मांग को लेकर डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा। निर्मल देसाई ने सोसायटी द्वारा सौंपे ज्ञापन में बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार एवं छुआछूत के प्रकरण विभिन्न थानों में दर्ज किये जाते हैं। राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा उन्हें 1 लाख से लेकर 5 लाख रुपये तक का मुआवजा मिलता है। प्रायः यह देखा गया है कि यह मुआवजा बहुत ही धीमी गति एवं कई मामलों में पुलिस थानों द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को पूर्ण दस्तावेज एवं प्रकरण नहीं भेजे जाने से पीड़ित सरकार द्वारा दिये गये आर्थिक लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में राज्य सरकार की ओर से एक आदेश जारी करा कर बाल कल्याण समिति एवं थानों में लम्बित प्रकरणों में मिलने वाले मानदेय का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की गई ताकि पीड़ित को समय पर न्याय मिल सके। इस दौरान भगवानलाल रेगर, देवीलाल जटिया, परसराम छत्रवाल, शंकरलाल बुनकर, शंकरलाल बैरवा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का जलाया पुतला

चित्तौड़गढ़। केन्द्र सरकार द्वारा नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के विरूद्ध ईडी द्वारा की जा रही असंवैधानिक एवं दुर्भावनापूर्वक कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के आह्वान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रमोद सिंह शिशोदिया के निर्देश पर शुक्रवार को शहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला फूंक कर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विजय चौहान, राजू खटीक, देवराज साहू, अशोक वैष्णव, शमी अरोड़ा, सुमित मीणा, रेखा आदिवाल, दिनेश गुर्जर, रफीक खान, नितिन वर्मा, संजय सेन, खुमेंद्र गुर्जर, दिनेश शर्मा, अजय लोट, अनिल सेठी, महावीर नागोरी, हरिश शर्मा, चक्षु शर्मा, रोहित गोरण, वासु बुरट, गुलशेर भाई, फ़िरोज़ खान, राजा शेख, डॉ मोहम्मद् हुसैन भाई, सैफअली, फ्तह लाल, राजा, आशीष त्रिवेदी, युवराज सिंह, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देहलीगेट चौराहे पर पुलिस की सतर्कता से बड़ा हादसा टला, हथियारों से लैस युवक को जवानों ने दबोचा



उदयपुर। देहलीगेट चौराहे पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब यातायात पुलिस की सतर्कता से एक बड़ा अपराध टल गया। हेलमेट नहीं पहनने पर रोके गए युवक की तलाशी लेने पर पुलिस जवान भी हैरान रह गए। युवक की जेब से एक पिस्तौलए चार जिंदा कारतूस और एक चाकू बरामद हुआ। यातायात पुलिस के जवानों ने जब युवक को रुकने का इशारा कियाए तो वह घबराकर भागने की कोशिश करने लगा। जवानों ने तुरंत मुस्तैदी दिखाते हुए उसे घेरकर मौके पर ही दबोच लिया। तलाशी के दौरान जब हथियार मिले, तो पुलिस ने तुरंत धान मंडी थाना को सूचित किया। कुछ ही देर में थाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया। पकड़े गए युवक की पहचान योगेंद्र के रूप में हुई हैए जो कि पुलिस रिकॉर्ड में आदतन अपराधी बताया जा रहा है। इस कार्रवाई से एक बार फिर साबित हो गया कि शहर की यातायात पुलिस सिर्फ ट्रैफिक नियमों के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि सतर्कता और त्वरित कार्रवाई में भी आगे है। पुलिस जवानों की इस सजगता से संभवतः कोई बड़ी घटना टल गई। प्रशासन ने जवानों की तत्परता को सराहा और उन्हें पुरस्कृत करने की सिफारिश की है।

## सिख कॉलोनी में अवैध शराब दुकान सील, नगर निगम की बड़ी कार्रवाई




उदयपुर। उदयपुर नगर निगम की भवन अनुमति शाखा ने मंगलवार को सिख कॉलोनी स्थित एक अवैध रूप से निर्मित शराब दुकान पर बड़ी कार्रवाई करते हुए उसे अग्रिम आदेश तक के लिए सील कर दिया। जानकारी के अनुसारए यह दुकान श्याम बाबा नामक व्यक्ति की हैए जिसने बिना नगर निगम की अनुमति के दुकान का निर्माण किया और फिर उसे एक शराब व्यापारी को किराए पर दे दिया। दुकान खुलने की जानकारी मिलते ही स्थानीय सिख समुदाय ने कड़ा विरोध दर्ज कराया था। उन्होंने मांग की थी कि धार्मिक और सामाजिक दृष्टिकोण से यह दुकान क्षेत्र में नहीं खोली जानी चाहिए। सिख समुदाय के विरोध को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और अवैध निर्माण के आधार पर दुकान को सील कर दिया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि बिना अनुमति के निर्माण करना नियमों के विरुद्ध है और इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## नगर निगम ने की 28 स्थानों पर ठंडे पानी की व्यवस्था

उदयपुर। उदयपुर शहर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने उदयपुर शहर के अलग अलग सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी की व्यवस्था की है। भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम ने शहर में 28 स्थानों पर छाया के साथ पेयजल का प्रबंध किया गया है। पिछले कुछ समय से लगातार प्रचंड गर्मी को देखते हुए आमजन को किस प्रकार राहत प्रदान हो सके इसी के तहत नगर निगम ने शहर में 28 स्थानों पर 15 गुणा 10 का शमियाना लगवाया है। इसी के साथ वहां पर ठंडे जल की व्यवस्था की गई है। निगम ने इन स्थानों पर एक महिला स्वयंसेविकों की सहायता से ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध करवाए गए है। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि निगम द्वारा की गई इस सुविधा का प्रतिदिन हजारों शहर वासी एवं राहगीर लाभ ले रहे हैं एवं शहर में इसका सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुआ है।

### इस स्थानों पर उपलब्ध की सुविधाएं

उदयापोल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम, पहाडी बस स्टैंड, आरसी, कॉलेज के बाहर, सूरजपोल, पारस चौराहा, सुभाष चौराहा मल्लाह तलाई, खेमपुरा, ठोकर चौराहा, हिरण मगरी सेक्टर-4 चौराहा, रेती स्टैंड चौराहा, पुरोहितों की मादड़ी, चांदपोल, राडाजी चौराहा, फतहपुरा चौराहा, दूधिया गणेश जी, 80 फीट सज्जन नगर राडाजी मंदिर के पास, देहली गेट चौराहा, बेकनी पुलिया, सुखाडिया सर्कल, सेवाश्रम चौराहा, शहीद भगत सिंह कच्ची बस्ती पुलिया के पास, मुखर्जी चौक, गोवर्धन विलास चुंगी नाका, शिक्षा भवन चौराहा, बोहरा गणेश जी चौराहा, दूधतलाई

## जगत के दु :ख एवं दरिद्रता मिटाने के लिए प्रभु ने संयम की राह ग्रहण की : आचार्य



उदयपुर। श्री जैन श्वेताम्बर महासभा के तत्तवावधान में तपोगच्छ की उद्गम स्थली आयड़ तीर्थ में शुक्रवार को तपस्वीरत्न आचार्य भगवंत पद्मभूषणरत्न सुरिश्वर महाराज, साध्वी भगवंत कीर्तिरेखा महाराज आदि ठाणा की निश्रा में अंजनशलाक विधान का आयोजन हुआ। महासभा के महामंत्री कुलदीप नाहर ने बताया कि आयड़ तीर्थ में सुबह 7 बजे पार्श्वनाथ प्रभु के उपर च्यवन कल्याणक, जन्म कल्याणक तथा संसारी जीवन, राज्य अवस्था व दीक्षा कल्याणक का संगीतमय विधान किया गया। साथ ही आरती, मंगल दीपक, सुबह सर्व औषधी से महाअभिषेक एवं अष्ट प्रकार की पूजा.अर्चना की गई। रात्रि 3 बजे अंजनशलाका विधान सम्पन्न हुआ। नाहर ने बताया कि 19 अप्रैल शनिवार को प्रातरू 8 बजे सविना स्थित पार्श्वनाथ तीर्थ में प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न होगी। इस अवसर पर आचार्य भगवंत पद्मभूषणरत्न सुरिश्वर महाराज ने कहा कि त्याग का राग हृदय में लेकर प्रभु अवतरित होते है। संसार कारागृह जानकार उसका त्याग करने परमात्मा वर्ष भ रतक वर्षीदान देते है। जगत के दुरूख एवं दरिद्रता मिटाने के लिए प्रभु ने संयम की राह ग्रहण की। नव लोकांतिक देवों क निवेदन से तथा अपना शासन स्थापना तीर्थ प्रवर्तन का अवसर जानकर प्रभु संसार से विरक्त बनकर के दीक्षा लेते है। साधना काल में ध्यान बल से भावनाओं से भावित होकर कर्मों का क्षय करते है। तत्पश्चात प्रभु ने सांधना का समय कर्मों का नाश करते केवलज्ञान उपार्जित किया। जिसे केवलज्ञान कल्याणक कहते है। दीक्षा कल्याणक महोत्सव के पश्चात श्री जैन श्वेताम्बर महासभा उदयपुर द्वारा नवकारसी का आयोजन किया गया। प्रभु आदिनाथ को भराना एवं विराजमान जुठमल.रेशमी देवी बाफना बालोतरा.जोधपुर द्वारा किया गया।

## उदयपुर संसदीय संकुल विकास परियोजना का शुभारंभ शनिवार को

पल पल राजस्थान

उदयपुर। जनजाति क्षेत्र में हो रहे पलायन को रोकने तथा गांव के प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करते हुए ग्राम में ही रोजगार के साधन विकसित किये जाने के लिए संसदीय संकुल विकास परियोजना का शुभारम्भ शनिवार को होगा। यह कार्यक्रम उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए किया जा रहा है। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने बताया कि उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 2 संकुल का चयन किया गया है। पहला उदयपुर जिले में देवास, झाडोल जिसे राणा पूंजा संकुल नाम दिया है तथा दूसरा सलूम्बर जिले का चावंड है, जिसे महाराणा प्रताप संकुल नाम दिया है। उक्त संकुलों में चयनित ग्राम समूहों में विभिन्न विकास कार्य जैसे आधुनिक एवं प्राकृतिक कृषि एवं वन आधारित उत्पादों को बढाना, पशुपालन, कौशल विकास, मत्स्य पालन, सिचाई, जलग्रहण इत्यादि के माध्यम से आजीविका को बढावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वी. सतीश, संघटक, भारतीय जनता पार्टी होंगे। यह कार्यक्रम बप्पा रावल सभागार, विश्वविद्यालय अतिथि गृह, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय परिसर में सुबह साढे दस बजे से प्रारंभ होगा।

## सात बंदरों की बेहरमी से हत्या, 12 आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर। सात बंदरों का शिकार कर उनकी बेरहमी से हत्या के मामले में उदयपुर की सायरा थाना पुलिस ने आदिवासी कथोड़ी समाज के 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुंभलगढ़ अभ्यारण्य क्षेत्र के कड़ेच ग्राम पंचायत के रीछवाड़ा गांव में यह कार्रवाई की। आरोपियों ने बंदरों को न केवल मारा। बल्कि लोहे के हाशिए से उनके शवों के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। पुलिस ने मृतक बंदरों के मांस से भरी पोटलियां बरामद की है। सूचना मिलने पर हायला रेंज के फॉरेस्टर तुलसीराम मेघवाल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तब आरोपियों ने अधिकारियों को ही घेरकर हमला करने की कोशिश कीए जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसके बाद जैसे.तैसे वन अधिकारियों ने अपना बचाव किया। इसके बाद बोखाड़ा रेंज से क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंतीलाल गरासिया, फॉरेस्टर नारायण सिंह राणावत, वनरक्षक वीरेंद्र सिंह शेखावत, अशोक गरासियाए ओमप्रकाश व नीरज मौके पर पहुंचे। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से बंदरों का मांस, शिकार में प्रयोग हथियार और चार बाइक भी बरामद की है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर बोखाड़ा वन विभाग कार्यालय लाया गया। पूछताछ में उन्होंने बंदरों का शिकार करना कबूल कर लिया। वन विभाग ने आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर आगे जांच शुरू कर दी है। वन विभाग के अनुसार सभी आरोपी ओगणा थाना क्षेत्र के समीजा गांव के निवासी हैं। इन्होंने बंदरों को लोहे के तार में फंसा कर शिकार किया था और फिर धारदार हाशिए से उनके शवों के टुकड़े कर मांस पोटलियों में भर लिया।फिलहाल वन विभाग ने पूरे क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। जानकारी अनुसार आदिवासी कथोडी समाज जंगलों में रहकर वन्यजीवों के शिकार से जीवनयापन करता था, लेकिन अब राज्य सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। बावजूद इसके वे इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे है। जो जैव विविधता के लिए भी बड़ा खतरा बन चुकी हैं।

## घुमंतु जातियों के परिवार के साथ संवाद कार्यक्रम

चित्तौडगढ़। प्रदेश के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि सभी घुमंतु जातियों के परिवारों को पट्टे दिये जाएंगे। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री शुक्रवार को इंदिरा प्रियदर्शनी ऑडिटोरियम में आयोजित घुमंतु जातियों के परिवारों के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि घुमंतु जातियों को जारी प्रमाण पत्र ही उनका पहचान पत्र है। इसलिए वह इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि इस पहचान पत्र के माध्यम से ही उन्हें पट्टा दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि घुमंतू जाति अपने बच्चों को पढ़ाए और विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर अपने को हर क्षेत्र में सशक्त बनाएं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन घुमंतु परिवारों को पट्टा मिल गया है उनकी निःशुल्क रजिस्ट्री करवाए, रजिस्ट्री का कोई पैसा नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि सभी घुमंतु परिवार मतदाता सूची में अपना नाम लिखाकर देश के विकास में भागीदार बने। उन्होंने कहा कि घुमंतु परिवारों को सशक्त बनाने, विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि घुमंतु परिवारों में शैक्षिक स्तर सुधारने के लिए छात्र-छात्राओं को छात्रावास में भी प्रवेश मिलेगा ताकि सभी बालक-बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकें। सरकार संवेदनशील होकर उनके कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

### गीतांजली हॉस्पिटल में मदर्स डे की अनूठी शुरुआत

## माँ की ममता को समर्पित पोस्टर का विमोचन,मातृत्व को मिला नया मान





पल पल राजस्थान

उदयपुर। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में शुक्रवार को मदर्स डे के उपलक्ष्य में एक विशेष पोस्टर विमोचन समारोह का आयोजन किया गया। एडमिन ब्लॉक के प्रथम तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस समारोह ने न सिर्फमातृत्व को सम्मान दिया, बल्कि समाज में महिलाओं के बहुमूल्य योगदान की सराहना का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईडी-सीबी क्राइम ब्रांच के सर्कल इंस्पेक्टर हिमांशु सिंह राजावत, पूर्व भारतीय टीम कप्तान एवं स्वर्ण पदक विजेता कुलदीप सिंह राव, राष्ट्रीय पिस्टल शूटर व बाइक रेसिंग चैंपियन दीपक शर्मा ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर प्रेक्षा एंटरटेनमेंट्स की निदेशक दीपमाला मेवाड़ा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अंजना वर्मा और आई.वी.एफ. विशेषज्ञ डॉ. पूजा गांधी भी मंच पर उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने पोस्टर विमोचन के पश्चात अपने विचार साझा किए और मातृत्व की महिमा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कल्पेश चंद रजबार (हेड-मार्केटिंग) एवं हरलीन गंभीर (हेड-पीआर)ने किया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि माँ जीवन की पहली शिक्षक होती है, उसकी ममता का कोई मोल नहीं। यह आयोजन माताओं के सम्मान में एक सार्थक पहल है, जो समाज को एक सकारात्मक दिशा देता है। गीतांजली समूह द्वारा आगामी 10 मई को मदर्स डे के भव्य आयोजन की घोषणा के साथ यह कार्यक्रम मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को और प्रगाढ़ करने वाला साबित हुआ।

## भीषण गर्मी में उदय ओपन रोवर क्रू ने लगाई ठंडे पानी की प्याऊ



उदयपुर। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड अधीनस्थ स्थानीय संघ बड़गांव की पंजीकृत इकाई 53 वां उदय ओपन रोवर क्रू भुवाणा ने भुवाणा चौराहे के पास ठंडे पानी की प्याऊ लगाकर आम जनता को गर्मी में राहत प्रदान करने का कार्य किया। रोवर लीडर सुरेश कुमार प्रजापत ने बताया कि ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन भारत स्काउट व गाइड के सीएओस्काउट सुरेंद्र कुमार पाण्डेके मुख्य अतिथि में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उदय ओपन रोवर क्रू के कार्यकारिणी पदाधिकारी व सदस्य तथा रोवर्स आदि मोहन लाल डांगी सरपंच भुवाणा सरपंच, दीप लाल मेनारिया, भामाशाह प्रेम शंकर डांगी, सुरेश डांगी, नारायण डांगी, नीरज, किशोर, राहुल मेनारिया, प्रकाश प्रजापत, देवी लाल गमेती उपस्थित रहे। इस कार्य में श्रीनाथ वाटर सप्लाई का सहयोग रहेगा। सुरेश प्रजापत ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राह पर राहगीरोंए तथा वाहन चालकों, फैक्ट्री आदि में काम कर रहे श्रमिको के लिए भीषण गर्मी में ठंडे पानी की व्यवस्था के लिए पानी के श्रीनाथ मिनरल के सहयोग से भुवाणा स्थित चौराहे के पास लगाए गए हैं। प्याऊ संचालन व्यवस्था में पानी, बर्फ, कैंपर और मानवीय सेवाएं रोवर क्रू के पदाधिकारी सदस्यों तथा रोवर्स द्वारा दी जा रही है।

## तीन दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर प्रारंभ




उदयपुर। उद्यान एवं विकास समन्वय समिति एवं एएसजी आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का शुभारम्भ शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य एवं ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा व सेटेलाइट अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राहुल जैन के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता कैलाश दान भीमावत ने की। समिति सचिव गौतम लाल चौबीसा ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में कुल 600 लोगों का निःशुल्क नेत्र जांच कर परामर्श प्रदान की जाएगी। एएसजी नेत्र चिकित्सालय के डॉ. रोहित कुमार योगी, डॉ. आशीष दुबे, डॉ. अंजू भारी, डॉ. नैतिक पटेल सहित अन्य डॉक्टर्स की टीम सेवाएं दे रही हैं। शुभारम्भ अवसर पर एरिया सेल्स मैनेजर प्रताप सिंह खरवड़ ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। दोनों विधायक महोदय ने इस जन सेवा कार्य हेतु समिति और हॉस्पिटल प्रशासन को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र खाब्या एवं संयुक्त सचिव श्री हरीश चौबीसा ने समिति के अब तक के कार्य की प्रगति और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की।

# नेशनल हेराल्ड मामले में सिर्फ राजनीतिक बदले की कार्रवाई

■ कांग्रेस ने सोनिया व राहुल गांधी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सवाल उठाए



भाजपा का मकसद गांधी परिवार को बदनाम करना : राशिद अल्वी

**नई दिल्ली,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदर्शन पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता राशिद अल्वी ने शुक्रवार को सवाल उठाए। राशिद अल्वी ने कहा कि अगर गिरफ्तारी की मांग करनी है तो यह अकबर रोड पर क्यों, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के निवास के बाहर क्यों नहीं। भाजपा का मकसद गांधी परिवार को बदनाम करना है। इस मामले में जमानत मिल चुकी है।

क्या जमानत के बाद किसी की गिरफ्तारी होती है। जब तक अदालत का अंतिम फैसला नहीं आता, यह सिर्फ राजनीतिक बदले की कार्रवाई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा न्यायपालिका पर उठाए गए सवालों पर अल्वी ने कहा कि वह देश के उपराष्ट्रपति हैं। मेरा मानना है कि किसी भी हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के जज को केवल संसद बाहर का रास्ता दिखा सकती है। वह सरकार को कहें कि संसद में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए, बहुमत उनके पास है। अगर किसी जज के यहां से पैसा मिला है तो जरूर कार्रवाई होनी चाहिए। वक्फ कानून में हुए संशोधनों को बोरा समुदाय का समर्थन मिलने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि बोरा समुदाय के पास अब बची-खुची जमीन है। वे अपना पक्ष रख रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे पूरे मुस्लिम समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं।

बोरा समाज की संपत्ति बहुत कम है और वक्फ बोर्ड अलहदा बना दिया। सरकार जिस तरह का वक्फ बोर्ड बनाना चाहे वह बनाए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जो सवाल उठाए हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। वही सवाल हम उठा रहे हैं। मुर्शिदाबाद हिंसा के बाद कुछ स्थानीय लोगों और भाजपा नेताओं द्वारा बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग पर उन्होंने कहा कि अगर बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाना है, तो देश के हर उस क्षेत्र में लगाएं जहां कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है, चाहे वह उत्तर प्रदेश हो, गुजरात हो, या कोई अन्य राज्य। ममता बनर्जी से बंगाल में आप संवैधानिक तरीके से जीत नहीं सकते हैं तो आप तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। मेरा मानना है कि जनता भाजपा के साथ है और भाजपा के लिए वहां कोई जगह नहीं है। वहीं कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर सवाल उठाए। संदीप दीक्षित ने आरोप लगाया कि मुर्शिदाबाद में बार-बार खबरें आ रही हैं कि भाजपा के कार्यकर्ता मुस्लिम वेशभूषा में दंगा फैला रहे हैं। नमाजी टोपी पहनकर उपद्रव करते कुछ लोग पकड़े गए हैं, जिनका संबंध भाजपा से बताया जा रहा है। तो पहले भाजपा अपने लोगों को सजा दिलवाए और माफी मांगे। विपक्ष से पहले उन्हें खुद जवाब देना चाहिए।

वक्फ (संशोधन) कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट के आदेश को लेकर पूछे जाने पर संदीप दीक्षित ने कहा कि यह मामला अब सुप्रीम कोर्ट के अधीन है, तो अब देखना होगा कि आगे क्या होता है। लोग अपनी-अपनी दलील और आपत्तियां लेकर कोर्ट गए हैं। मुझे इसकी विस्तृत जानकारी नहीं है कि सुनवाई में क्या चर्चा हुई, लेकिन सुप्रीम कोर्ट उन सभी प्रावधानों की समीक्षा करेगा, जिन पर लोगों ने आपत्ति जताई है।

### धार्मिक आधार पर देश के बांटने की कोशिश कर रही भाजपा : अल्वी

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून में संशोधनों के विरोध में हुई हिंसा पर राशिद अल्वी ने कहा कि भाजपा बंगाल में अपनी गलतियों को छिपाने के लिए ममता बनर्जी की सरकार पर सवाल उठा रही है। हम हिंसा का विरोध करते हैं। किसी भी सरकार के दौरान अगर हिंसा होती है तो हम उसका विरोध करते हैं। केंद्र सरकार जवाब दे कि सीमा सुरक्षा बल, जो गृह मंत्रालय के अधीन है, बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने में क्यों विफल रहा। गृह मंत्री अमित शाह को जवाब देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिक आधार पर देश को बांटने की कोशिश कर रही है।

## नीतीश कुमार ने 'महिला संवाद' का किया शुभारंभ

**पटना,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार की योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शुक्रवार को 'महिला संवाद' का शुभारंभ किया। कुमार ने शुक्रवार को यहां एक, अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 'महिला संवाद' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महिला संवाद कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं एवं कार्यों के विषय में महिलाओं को जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही महिलाओं को उनके गांव या टोलों की समस्याओं और आकांक्षाओं को चिह्नित कर उसकी प्राथमिकता निर्धारण करने के लिए अवसर प्रदान किए जाएंगे। संवाद के दौरान प्राप्त समस्याओं का विभिन्न स्तरों पर त्वरित समाधान किया जायेगा। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर सरकार की योजनाओं के सूत्रण एवं नीति-निर्धारण में महिलाओं की आकांक्षाओं को बेहतर ढंग से समाहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के लिए महिला संवाद जागरूकता वाहनों को एक अणे मार्ग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता वाहन की चारों तरफ से ब्रांडिंग की गयी है। इससे गांव में कार्यक्रम करने के दौरान या एक गांव से दूसरे गांव में जागरूकता वाहन की आवजाही के दौरान सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण से संबंधित किए गए कार्यों के प्रति आम लोगों का ध्यान आकृष्ट होगा।



## रक्षा संबंधों को अधिक सशक्त बनाएंगे भारत-ब्रिटेन



रक्षा सचिव राजेश कुमार ने की सह-अध्यक्षता

**नई दिल्ली,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत और ब्रिटेन ने क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा के साथ-साथ रक्षा संबंधों को और अधिक सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने दो दिन की लंदन यात्रा के दौरान वार्षिक द्विपक्षीय रक्षा वार्ता में एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया।

रक्षा सचिव ने लंदन में अपने समकक्ष डेविड विलियम्स के साथ भारत-ब्रिटेन रक्षा परामर्श समूह की 24वीं बैठक की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान क्षेत्रीय तथा वैश्विक स्तर पर उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य की समीक्षा की और रक्षा संबंधों को पहले से सशक्त बनाने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। यह चर्चा वर्ष 2021 में घोषित व्यापक रणनीतिक साझेदारी और 2030 के रोडमैप के संदर्भ में हुई, जो दोनों देशों के बीच सहयोग को विस्तार देगी। भारतीय रक्षा सचिव ने ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल के साथ भी विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें तीनों सेनाओं के बीच सैन्य संबंधों को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों के बीच सहभागिता को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। सिंह ने 'यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल' द्वारा आयोजित भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग गोलमेज सम्मेलन में प्रतिभागियों को भी संबोधित किया। उन्होंने नौसेना प्रणालियों, ड्रोन, निगरानी, रक्षा अंतरिक्ष और विमानन जैसे प्रमुख रक्षा क्षेत्रों में भारतीय स्टार्ट-अप की बढ़ती क्षमताओं का उल्लेख किया।

रक्षा सचिव ने ब्रिटिश कंपनियों से स्टार्ट अप के साथ साझेदारी की संभावनाएं तलाशने का आग्रह किया और किफायती तथा अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने की उनकी क्षमताओं पर विचार साझा किये। रक्षा सचिव ने कहा कि भारत भविष्य में रक्षा उद्योग जगत की भागीदारी को दिशा देने के लिए औद्योगिक सहयोग रोडमैप विकसित करने के उद्देश्य से ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर कार्य कर रहा है।

## सार संक्षेप

### थल सेना प्रमुख ने मोहन यादव से की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शुक्रवार को थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्रम और राजा भोज की मूर्ति भेंट कर थल सेना प्रमुख श्री द्विवेदी का स्वागत किया। इस अवसर पर द्विवेदी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मणिपुरी शैली में निर्मित राधा कृष्ण की प्रतिकृति भेंट की। लेफ्टिनेंट जनरल पीपी सिंह तथा मेजर जनरल सुमित भी उनके साथ उपस्थित रहे।

### गुजरात समाचार की निदेशक स्मृतिबेन शाह का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात समाचार की निदेशक स्मृतिबेन शाह का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को अहमदाबाद में किया गया। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि गुजराती दैनिक गुजरात समाचार के प्रबंध संपादक श्रेयांसभाई शाह की पत्नी स्मृतिबेन शाह ने 82 साल की उम्र में बीमारी व वृद्धावस्था के कारण गुरुवार की रात अपने ही घर में अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे दो पुत्र निर्मम और अमम सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं हैं।

### महिला से बस में छेड़छाड़ के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र की मुंबई पुलिस ने बॉम्बे नगर निगम की बेस्ट बस में महिला के साथ छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना 10 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे हुई जब महिला बेस्ट बस से प्रभादेवी से वर्ली के कुर्ने चौक जा रही थी। उसने 16 अप्रैल को पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत में आरोप लगाया कि बस में उसके पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने चलती बस में उसके साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने घटना की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई। टीम ने विभिन्न स्थानों से सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जहां आरोपी बस में चढ़ा और उतरा।

### जवान ने ड्यूटी के दौरान सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या की

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के खरगोन जिले के गोगांवा में शुक्रवार को अपराह्न एसएएफ के जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने बताया कि 38 वर्षीय एस ए एफ फर्सट बटालियन सी कंपनी के जवान राज कुमार शर्मा ने अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। वह इंदौर के निवासी थे। शीतला माता मंदिर के सामने चौकी पर 24 घंटे की गार्ड ड्यूटी होती है। सीसीटीवी फुटेज में आए समय के मुताबिक शर्मा ने अपनी ठोड़ी पर बंदूक रखकर गोली चला ली जो उनके सर से पार हो गई।

## रिम्स निदेशक राजकुमार को पद से हटाया

**रांची,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री सह रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को तत्काल प्रभाव से निदेशक पद से हटा दिया है। उन्होंने पत्र जारी करते हुए बताया कि रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार पर प्रशासनिक अक्षमता की वजह से पद से हटाया जा रहा है। पत्र में लिखा है कि निदेशक के पद पर कार्यरत रहने के दौरान मंत्रि परिषद, शासी परिषद तथा विभाग द्वारा लोकहित में दिए गये निर्णय और निर्देशों का पालन नहीं किया गया। रिम्स अधिनियम, 2002 द्वारा निर्धारित उद्देश्यों को पूर्ण करने में डॉ. राजकुमार की सेवा संतोषजनक नहीं पाई गई है। अत: रिम्स नियमावली 2002 के नियम के तहत लोकहित्त में डॉ. राजकुमार को तीन महीने का वेतन एवं भत्ता देते हुए तत्काल प्रभाव से निदेशक, रिम्स के पद से हटाया जाता है। इस निर्णय पर मुख्यमंत्री का अनुमोदन प्राप्त होने की बात भी कही गई है। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार के अनुमोदन के बाद 31 जनवरी 2024 को तीन वर्षों के लिए राजकुमार को रिम्स निदेशक पद पर नियुक्त किया गया था। रिम्स निदेशक पद से हटाए जाने को लेकर डॉ. राजकुमार ने फोन पर बताया कि मुझे पत्र मिला है, जिसमें मुझे हटाने की बात कही गई है।



## कांचा गाचीबोवली घोटाले की हो जांच : केटीआर



■ पर्यावरण विनाश के मामले की जांच का मोदी से किया आग्रह

■ कांचा गाचीबोवली में दस हजार करोड़ रुपए के घोटाले का लगाया आरोप

**हैदराबाद,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने तेलंगाना के कांचा गाचीबोवली में कथित 10,000 करोड़ रुपए के घोटाले और पर्यावरण विनाश के मामले की जांच और तत्काल कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया है।

रामाराव ने अपने बयान में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर 400 एकड़ से अधिक वन भूमि को अवैध रूप से गिरवी रखने से जुड़े बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री को यह भी चुनौती दी कि वे अपने पर्यावरण संबंधी बयानबाजी को निर्णायक कार्रवाई के साथ समर्थन दें, जिससे राज्य में भाजपा और कांग्रेस के बीच मिलीभगत के बढ़ते आरोपों को गलत साबित किया जा सके। उन्होंने हैदराबाद विश्वविद्यालय से सटे पारिस्थितिकी रूप से संवेदनशील वन भूमि की कथित निकासी का जिक्र करते हुए कहा कि यह केवल पर्यावरणीय आपदा नहीं है; बल्कि यह कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया 10,000 करोड़ रुपए का घोटाला है। मोर, हिरण और अन्य लुप्तप्राय प्रजातियों का घर यह जंगल शहर के पारिस्थितिकी संतुलन और भूजल स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। पर्यावरणविदों, छात्र समूहों के विरोध और भूमि नीलामी पर रोक लगाने वाले उच्चतम न्यायालय के मौजूदा आदेश के बावजूद कथित तौर पर आईटी पार्क सहित वाणिज्यिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि को साफ कर दिया गया।

उन्होंने दावा किया कि राज्य सरकार ने भारी कर्ज हासिल करने के लिए कानूनी शीर्षक या पर्यावरणीय मंजूरी के बिना भूमि को गिरवी रख दिया। उन्होंने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) के निष्कर्षों का हवाला दिया, जिसने वित्तीय अनियमितताओं की पुष्टि की और सीबीआई, आरबीआई, सेबी, एसएफआईओ और सीवीसी जैसी राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा जांच की सिफारिश की। उन्होंने बताया कि बीआरएस ने पहले ही इन अधिकारियों को सहायक दस्तावेज जमा कर दिए हैं।

बीआरएय कार्यकारी अध्यक्ष ने हरियाणा में मोदी की हाल की टिप्पणियों का भी संदर्भ दिया, जहां उन्होंने तेलंगाना में वनों की कटाई की निंदा की, और पूछा कि क्या वे केवल दिखावटी थे।

### सिस्टम का शोषण कर रहे रेवंत रेड्डी

केटीआर ने आरोप लगाया कि बेशर्मी से सिस्टम का शोषण करने वाले रेवंत रेड्डी को बेनकाब किया जाना चाहिए। वन्यजीवों की चिंताओं को खारिज करने के लिए मुख्यमंत्री की आलोचना करते हुए, उन्होंने तेलंगाना उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार की रिपोर्ट की ओर इशारा किया, जिसमें क्षेत्र में संरक्षित प्रजातियों सहित महत्वपूर्ण जीवों की उपस्थिति की पुष्टि की गई है। उन्होंने विवादित भूमि क्षेत्र के भीतर एक जल निकाय को गिरवी रखने की भी आलोचना की, जो पर्यावरण और सार्वजनिक हित के लिए एक घोर उपेक्षा है।

## दमोह में फर्जी डॉक्टर भेजा गया जेल

**दमोह,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के दमोह जिले में आठ लोगों के लिए काल बनकर आए एक फर्जी डॉक्टर को 11 दिन की पुलिस हिरासत समाप्त होने के बाद शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामला मिशन अस्पताल से जुड़ा हुआ है। यहां नरेंद्र विक्रमादित्य यादव नामक व्यक्ति ने डॉ. एन. जॉन कैम के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और नौकरी हासिल की। इस फर्जी चिकित्सक ने 15 से ज्यादा हृदय रोगियों के ऑपरेशन किए, जिनमें से आठ मरीजों की मौत होने की बात कही जा रही है। आरोपी को इस मामले के तूल पकड़ने पर गिरफ्तार किया गया था। वह 11 दिन तक पुलिस हिरासत में रहा। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि उसने फर्जी तरीके से दस्तावेज हासिल किए थे। उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस फर्जी चिकित्सक का खुलासा कृष्णा पटेल नाम के एक व्यक्ति द्वारा मानवाधिकार आयोग से की गई शिकायत से हुआ था।

## भूख हड़ताल पर बैठे पश्चिम बंगाल के मालदा में नौकरी गंवाने वाले शिक्षक



■ प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने बहाली की उठाई मांग

**मालदा,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के मालदा शहर में नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षकों ने शुक्रवार को पोस्ट ऑफिस चौराहे पर भूख हड़ताल शुरू की। शिक्षकों ने एक अस्थायी मंच बनाकर 12 घंटे के इस विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की। प्रदर्शनकारी शिक्षकों की मुख्य मांग है कि उनकी बहाली हो और पुलिस लाठीचार्ज और हिंसा का विरोध किया जाए। प्रदर्शन में मालदा के इंग्लिश बाजार और आसपास के दूरदराज के इलाकों से सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों का कहना है कि पश्चिम बंगाल में शिक्षा व्यवस्था को बदनाम करने और शिक्षक समाज पर अत्याचार करने की साजिश हो रही है। वे इस अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहीं देवप्रिया चट्टोपाध्याय ने कहा कि हमारा अनशन शिक्षक समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने नारे लगाए और बैनर-पोस्टर के माध्यम से अपनी मांगों को सामने रखा। स्थानीय लोगों ने भी शिक्षकों के इस आंदोलन को समर्थन दिया।

### नौकरी छीने जाने से परिवारों का भविष्य खतरे में

पश्चिम बंगाल में शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर बदनाम किया जा रहा है। हमारी मांग है कि योग्य शिक्षकों को उनकी नौकरी वापस दी जाए। हमने पूरे मालदा जिले के शिक्षक समुदाय को इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी नौकरी छीने जाने से उनके परिवारों का भविष्य खतरे में है। इसके अलावा, पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज और हिंसक कार्रवाई ने उनके आक्रोश को और बढ़ा दिया है। वे सरकार से मांग कर रहे हैं कि उनकी बात सुनी जाए और बिना देरी के उनकी नौकरी बहाल की जाए।

## पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड ने दाखिल किया डीआरएचपी

**उदयपुर।** पार्क मेडी वर्ल्ड लिमिटेड (कंपनी), जो पार्क ब्रांड के तहत 13 एनएबीएच मान्यता प्राप्त मल्टी-सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का नेटवर्क संचालित करती है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य रु.2) की पेशकश के माध्यम से रु.12600 मिलियन ( रु.1260 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है। इस प्रस्ताव में कुल रु.9600 मिलियन (रु.960 करोड़) तक के इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम (ताजा निर्गम) और वि' य शेयरधारकों द्वारा कुल रु.3000 मिलियन (रु.300 करोड़) तक का बि' ी प्रस्ताव (बि' ी प्रस्ताव) शामिल है। पार्क मेडी वर्ल्ड उत्तर भारत में दूसरी सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसकी कुल बिस्तर क्षमता 3,000 बिस्तरों की है, और बिस्तर क्षमता के मामले में हरियाणा में सबसे बड़ी निजी अस्पताल श्रृंखला है, जिसमें 30 सितंबर, 2024 तक 1,600 बिस्तर हैं।

## नर्सिंग घोटाला मप्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पर कलंक : सिंघार



■ राज्य के कथित नर्सिंग घाटाले को लेकर फिर उठाए सवाल

**भोपाल,** 18 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने राज्य के कथित नर्सिंग घाटाले को लेकर एक बार फिर सवाल उठाए हैं। सिंघार ने एक्स पर पोस्ट किया, नर्सिंग घोटाले में 70 पर जांच लेकिन असली गुनहगार अब तक आजाद। यह सिर्फ एक घोटाला नहीं, मध्य प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर कलंक है।

रजनी नायर को हटाना दिखावटी कार्रवाई है, असली सवाल यह है क्या अब तक की भर्ती में शामिल भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं पर कोई कार्रवाई होगी। लीला नलवंशी की नियुक्ति के पीछे सरकार की मंशा क्या है। क्या ये जांच को प्रभावित करने की कोशिश है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घोटाले में सरकार ने पहले चुप्पी साधी, अब लीपापोती कर रही है। मामले में दोषियों को कब सज़ा मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए कल गांधी मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य के पद से रजनी नायर को हटा कर उनके स्थान पर लीला नलवंशी को नियुक्त किया है।

हालांकि लीला नलवंशी की नियुक्ति को लेकर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। उनकी प्राचार्य पद पर नियुक्ति के बाद आरोप लग रहे हैं कि उनके पास पर्याप्त योग्यता नहीं होने के बाद भी उन्हें इस पद पर नियुक्त कर दिया गया।

चिंता | *कश्मीर में इस सर्दी में कम बर्फबारी से पानी की कमी*

# सिंचाई व पेयजल आपूर्ति के लिए चुनौतियों की चेतावनी

**जम्मू,** 18 अप्रैल इस सर्दी में कश्मीर के ऊंचे इलाकों में कम बर्फबारी ने विशेषज्ञों के बीच आगामी गर्मियों में संभावित जल संकट, खासकर सिंचाई और पेयजल की जरूरतों के बारे में चिंता पैदा कर दी है। कश्मीर विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर और हिमालय में क्रायोस्फीयर अध्ययन और अल्पाइन पारिस्थितिकी तंत्र की गतिशीलता पर शोधकर्ता डा. इरफान राशिद ने पत्रकारों से बात करते हुए चेतावनी दी कि अगर मौजूदा रुझान जारी रहा, तो आगे बड़ी चुनौतियां हो सकती हैं। डा. राशिद ने कहा कि निश्चित रूप से, अगर मौजूदा परिदृश्य जारी रहता है, तो डाउनस्ट्रीम कृषि और समुदायों को सिंचाई आपूर्ति के बारे में चिंताएं होंगी। इस साल पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी की मात्रा चिंताजनक रूप से कम है, जहां आमतौर पर दसियों मीटर बर्फबारी होती है। उन्होंने कहा कि उपग्रह डेटा से पता चलता है कि कश्मीर और पश्चिमी हिमालय के कई ऊंचाई वाले इलाकों में इस मौसम में बहुत कम बर्फबारी हुई है। डा.राशिद ने कहा कि इस कमी से न केवल तत्काल जल आपूर्ति प्रभावित होती है, बल्कि ग्लेशियर पिघलने की दर भी बढ़ सकती है। वे कहते थे कि जब बर्फ का आवरण कम होता है, तो ग्लेशियर मौसम की शुरुआत में ही अपनी सुरक्षा कवच खो देते हैं, जिससे बर्फ उच्च तापमान के संपर्क में आती है और पिघलने की दर तेज हो जाती है। उनका कहना था कि इससे ग्लेशियरों के दीर्घकालिक द्रव्यमान संतुलन पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो क्षेत्र की भविष्य की जल सुरक्षा के लिए चिंताजनक संकेत है।



■ सर्दियों के मुख्य महीनों के दौरान बर्फबारी होती है बहुत महत्वपूर्ण

डा. इरफान के अनुसार, सर्दियों के मुख्य महीनों के दौरान बर्फबारी महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह लंबे समय तक चलती है। वे कहते थे कि देर से बर्फबारी, भले ही यह गुलमर्ग या जोजिला जैसे उच्च ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हो, पहले जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई नहीं करती है। इस साल बर्फ की कमी बहुत ज्यादा है और इसके परिणामस्वरूप गर्मियों और शरद ऋतु के दौरान पानी का प्रवाह कम हो सकता है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर पश्चिमी विक्षोभ चालू और आने वाले महीनों में वर्षा लाता है, तो प्राकृतिक जल भंडार प्रभावित नहीं होंगे। इस बीच, कश्मीर में सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण (आई एंड एफ सी) विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कम बर्फबारी की बात स्वीकार की, लेकिन कहा कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। अधिकारी का कहना था कि फिलहाल, हमें पानी की तत्काल कमी की आशंका नहीं है। झेलम सहित हमारे जल स्तर सामान्य सीमा के भीतर हैं।

हालांकि, अगर मार्च, अप्रैल और मई के दौरान बारिश कम होती है, तो पीने के पानी और सिंचाई आपूर्ति में समस्या हो सकती है।

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 RAJHIN/2021/81855 कुल पृष्ठ : 4 मूल्य : 5 रु. हर पल की खबर

facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379